Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 24-07-2022 | अंक 294

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुवा पंचायत के जीतपुर निवासी निर्मल यादव उम्र 28 वर्ष पिता बुधन यादव एवं आनंद यादव पिता शिवचरण यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो युवक पेट्रोल पंप जा रहे थे। इसी क्रम में एक अज्ञात वाहन उसे अपने चपेट में ले लिया। जिससे दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं आस पास के लोगो ने दोनो घायल युवकों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनो युवकों को सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### बज्रपात से टावर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

चौपारण प्रखंड अंतर्गत सिंघरावां में स्थापित एटीसी इंडिया का टावर में बज्रपात से सुबह लगभग 5 बजे सटर रूम में श०र्ट सर्किट में आग लग गई। जहां दमकल की टीम मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से एसएमपीएस बीटीएस, बैटरी बैंक जल गया जिसका कीमत लगभग दस लाख में आंका जा रहा है।

# जिंदगी की जंग हार गए भाजपा नेता व पत्रकार अजय दुबे, अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़

## पिछले 8 माह से असाध्य बीमारी से थे पीड़ित, बहुत कम उम्र में बनाई थी अपनी सामाजिक पहचान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अजय दुबे (फ़ाइल फ़ोटो)



शव यात्रा में उमड़ी भीड़

पिछले आठ माह से जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे भाजयुमो नेता व बरही के प्रतिष्ठित पत्रकार अजय दुबे आख़िरकर जिंदगी की जंग हार गए। ज्ञात हो कि वे एक असाध्य बीमारी से ग्रसित थे। उनके परिवार के लोगों ने उनके इलाज के लिए हर सभव प्रयास किए। लेकिन शनिवार को वाराणसी के निजी ह०स्पिटल में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि उनका इलाज वाराणसी में ही चल रहा था। रूटीन चेकप के लिए उन्हें वाराणसी ले जाया गया था। जहां इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। शनिवार देर रात शव बरही आया। रविवार सुबह बरही नदी घाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मुखग्नि उनके पुत्र रिशु एवं पिता महेंद्र प्रसाद दुबे ने दिया। अंतिम शव यात्रा में हज़ारों की संख्या में उनके चाहने वाले लोग पहुंचे। शव यात्रा उनके घर न्यू कॉलोनी से धनबाद रोड, हज़ारीबाग़ रोड होते हुए मुक्ति धाम पहुंचा। इस दौरान अजय कुमार दुबे अमर रहे का नारा से पूरा बरही गुंजायमान हो गया। सभी ने नम आंखों से उन्हें विदाई दिया। गौरतलब हो कि अजय दुबे की उम्र मात्र 42 वर्ष की थी। इतने कम उम्र में उन्होंने सामाजिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना एक विशेष पहचान बना चुके थे। अधिकांश सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में वे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। बतौर पत्रकार भी उनकी एक अच्छी पहचान थी। गीत संगीत में भी उनकी गहरी रुचि थी। वे अपने पीछे दो बच्चे पत्नी एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रधान शिक्षक सह झारखण्ड पेंशनर कल्याण समाज के अध्यक्ष ईशो सिंह, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ अनिल कुमार, कपिल केशरी, मुकेश मधेसिया, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, टीएसएस नेता अरुण साहू, अर्जुन साव, बिनोद यादव, राजसिंह चौ. हान, जीतू ठाकुर, यमुना यादव, रितेश गुप्ता, अमित जयसवाल, इकबाल रजा, मो बेलाल, मुखिया शमशेर आलम, छोटन ठाकुर, मनोज केशरी, राजकुमार यादव, अमित केशरी, राज आर्यन, पत्रकार मुरारी सिंह, विस्मय अलंकार, राजकुमार गिरी उर्फ शानू, कृष्णा प्रजापति, दयानंद चौरसिया, शिव शंकर लाल, मुखिया राजेन्द्र कुशवाहा, प्रकाश साव, श्रीकांत पांडेय, कृष्णा गुप्ता, अजय प्रजापति,बबलू साव, टे. कलाल यादव सहित पारा शिक्षक संघ,पेंशनर कल्याण समाज, अपेम की टीम सहित हज़ारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

# हजारीबाग प्रेस क्लब के चुनाव में 346 पत्रकारों ने मतदान किया, अध्यक्ष उमेश प्रताप, सचिव मिथलेश

## पत्रकारों के चुनावी महोत्सव में तीन विधायक मनीष जायसवाल, अमित यादव और उमाशंकर अकेला यादव शामिल हुए

**अपेम लाइवः हजारीबाग**







हजारीबाग. प्रेस क्लब हजारीबाग का अध्यक्ष उमेश प्रताप बने. सचिव मिथलेश मिश्र, कोषाध्यक्ष अमरनाथ पाठक, उपाध्यक्ष उमेश राणा, अभय सिंह, संयुक्त सचिव देवनारायण प्रसाद, नवीन सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य में मो शमीम अहमद, बबलू कुमार, प्रमोद खंडेलवाल, निरंजन कुमार, अमूल्यचंद पांडेय बने. प्रेस क्लब हजारीबाग का चुनाव शहर के पैराडाइज रिसोर्ट, हजारीबाग में शनिवार को संपन्न हुआ. हजारीबाग जिले भर के 346 पत्रकारों ने मतदान किया. जिला कल्याण पदाधिकारी सह पर्यवेक्षक आलोक रंजन, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव की उपस्थित में सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ. चुनाव लड़ रहे सभी 27 उम्मीदवार और चुनाव संचालन समिति द्वारा बैलेट ब०क्स एवं अन्य चुनावी प्रक्रियाओं का निरीक्षण किया गया. मतदान शुरू होते ही पत्रकारों की लंबी कतार लग गयी. जिले भर के पत्रकार चुनावी महोत्सव में भाग लेने के लिए पहुंचने लगे. पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने की व्यवस्था के तहत जिला प्रशासन की ओर से सभी इंतजाम किये गये थे. पांच पद के लिए अलग-अलग बैलेट ब०क्स रखा गया था. सुबह आठ बजे से शाम तीन बजे तक मतदान में 346 पत्रकारों ने मतदान किया. गुप्त मतदान से मतदान की प्रक्रिया को काफी पारदर्शी बनायी गयी थी. तीन विधायक मनीष जायसवाल, उमाशंकर अकेला यादव और अमित यादव चुनावी प्रक्रिया के गवाह बने. बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता राजकुमार राजू, अधिवक्ता शशिकांत, अधिवक्ता कालीदास पांडेय, अधिवक्ता फनी यादव, अधिवक्ता दीपक पांडेय, गौरव कुमार, अमित मिश्रा, भैया सुमित सिन्हा, शैलेंद्र पाठक, रवि रंजन समेत कई अधिवक्ताओं की देखरेख में मतों की गिनती की गयी. चुनाव संचालन समिति के वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत सेन, डॉ जफरूल्लाह सादिक, डॉ सलाउद्दीन और प्रकाश पांडेय पूरी चुनावी व्यवस्था का संच. ालन किया. सह चुनाव संचालन समिति के दिलीप वर्मा, अनवर फिदवी, महावीर चौरसिया, विनोद राणा, राजेंद्र कुमार, अनिल राणा, रमेश कुमार समेत कई पत्रकार कार्यो को संचालित कर रहे थे.

तीन विधायकों ने की चुनावी प्रक्रिया की प्रशंसा- विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि छोटा और बड़ा चुनाव सभी का अपना महत्व है. हजारीबाग जिले भर के पत्रकार इस सभागार में उपस्थित होकर मतदान कर रहे हैं. गुप्त मतदान की जो व्यवस्था की गयी है वह काफी सराहनीय है. इस चुनाव के बाद पत्रकारों का संगठन काफी मजबूत होगा. आपसी एकता बनेगी. सभी विजय उम्मीदवार को मेरी शुभकामनाएं है. विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने कहा कि अन्याय के खिलाफ पत्रकार हमेशा मुखर होकर आवाज उठाते हैं. सभी प्रखंडों के पत्रकार मतदान में भाग ले रहे हैं. इतने शानदार तरीके से मतदान की व्यवस्था विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तरह है. जिस तरह चुनाव जीतकर हमलोग आये हैं वही दृश्य आज यहां पत्रकारों के चुनाव में देखने को मिल रहा है. पत्रकार अपने मत का प्रयोग कर संगठन के लिए पदाधिकारी का चुनाव निष्पक्ष और निर्भिक होकर कर रहे हैं. चुनाव की ऐसी व्यवस्था से सभी पत्रकारों में विश्वास और एकता बढ़ेगी. विधायक अमित यादव ने कहा कि प्रेस क्लब हजारीबाग का चुनाव स्थल में पहुंचकर काफी खुश हूं. युवा, वरिष्ठ और सभी संस्थानों के पत्रकार मतदान में भाग ले रहे हैं. जिला प्रशासन के चुनावी पर्यवेक्षक और बार एसोसिएशन के अधिवक्ता भी यहां उपस्थित हैं. पत्रकारों के हित के लिए यह संगठन सशक्त भूमिका निभायेगी. बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता राजकुमार राजू ने कहा कि बार एसोसिएशन के चुनाव की तरह आज मुझे प्रेस क्लब हजारीबाग का चुनाव देखने को मिला. अनुशासित, संवैधानिक, लोकतांत्रिक तरीके से सभी पत्रकार मतदान में भाग ले रहे हैं. मतों की गिनती के लिए बार एसोसिएशन को जवाबदेही दी गयी. इससे प्रेस क्लब के प्रति आभार व्यक्त करते हैं. प्रेस और बार दोनों अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ते हैं. चुनाव में जीतनेवाले उम्मीदवारों का मेरा पूरा समर्थन रहेगा.

सभी विजय उम्मीदवारों को मिला प्रमाण पत्र- प्रेस क्लब हजारीबाग चुनाव में कुल 346 मत पड़े. अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को उमेश प्रताप को 289 मत, गालिब सिद्दिकी को 35 मत, भोला सिंह को 18 मत और चार मत रद्द हुए. सचिव पद के लिए उम्मीदवार मिथलेश मिश्रा को 182 मत, सुबोध मिश्रा को 97 और अमरकांत को 59 मत मिले. उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार उमेश राणा को 213 मत, अभय सिंह को 161 मत, दीपक कुमार को 117 मत, अभिषेक कुमार को 62 मत, अशोक नाग को 56 मत मिला. संयुक्त सचिव पद के उम्मीदवार देवनारायण प्रसाद को 156 मत, नवीन कुमार सिन्हा को 152 मत, महेश कुमार मेहता को 116 मत, अविनाश अंजन को 98 मत, फलक शमीम को 74 मत और अर. विंद कुमार को 41 मत मिला. कार्यकारिणी सदस्य के लिए मो शमीम अहमद को 195 मत, बबलू कुमार को 176 मत, प्रमोद खंडेलवाल को 151 मत, अमूल्यचंद पांडेय को 147 मत, निरंजन कुमार को 144 मत, प्रमोद उपाध्याय को 129 मत, संदीप कुमार सिन्हा को 127 मत, रोहित रंजन 112 मत, रितेश कुमार को 111 मत मिला. सभी विजय उम्मीदवार को विधायक उमाशंकर अकेला, चुनाव पर्यवेक्षक आलोक रंजन, जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, परिमल, वरिष्ठ पत्रकार शैलेश शर्मा, सहदेव प्रसाद लोहानी समेत कई गणमान्य अतिथियों के हाथों प्रमाण पत्र दिया गया.

पहलीबार लोकतांत्रिक तरीके से हुआ चुनाव- प्रेस क्लब हजारीबाग का गठन 2006 में हुआ था. प्रेस क्लब हजारीबाग का रजिस्ट्रेशन के बाद पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से गुप्ता मतदान के द्वारा मतदान की प्रक्रिया पूरी की गयी. 27 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला जिलेभर के 346 पत्रकारों ने किया. हजारीबाग जिले के शहरी क्षेत्र के अलावा चलकुशा प्रखंड, बरकट्ठा, बरही, चौपारण, पदमा, इचाक, कटकमसांडी, कटकमदाग, चुरचू, दारू, टाटीझरिया, विष्णुगढ़, बड़कागांव और केरेडारी के पत्रकार भाग लिये. जिले भर के पत्रकार इस चुनावी महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया. अनुशासित और मर्यादित तरीके से सभी पत्रकार गुप्त मतदान प्रक्रिया में शामिल होकर मिशाल कायम किया.

डीसी नैंसी सहाय को आभार व्यक्त- प्रेस क्लब हजारीबाग चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्य, सभी विजय उम्मीदवार और जिले भर से आये 346 पत्रकारों ने डीसी नैंसी सहाय के प्रति आभार व्यक्त किया है. प्रेस क्लब हजारीबाग का चुनाव में सहयोग व संवैधानिक प्रक्रियाओं को पूरा करने में जिला प्रशासन की ओर से पर्यवेक्षक और चुनावी सामग्री उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया गया.




# बरही के युवा समाजसेवी अजय दुबे के दाह संस्कार में शामिल हुए अरुण साहू, परिजनों को बंधाया ढांढस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही के युवा समाजसेवी अजय दुबे का निधन शनिवार रात बनारस के एक निजी अस्पताल में हो गया था, इस बात की सूचना मिलते ही अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह तिलेश्वर साहू सेना के अध्यक्ष अरुण साहू रविवर सुबह उनके दाह संस्कार में शामिल एवं अंतिम दर्शन करने बरही शमशान घाट पहुँचें। श्री साहू ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया, साथ ही साथ उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना किया की मृतक को अपने चरणों में स्थान दें और परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। श्री साहू ने कहा की मृतक अजय दुबे युवाओं के मार्गदर्शक व बेहद सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता थे। इनका असमय निधन हो जाने से पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। जिसने भी यह खबर सुनी वह मायूस हो गया। मौके पर छोटन ठाकुर, भोली पासवान, बब्लू साहू, दीपक गुप्ता, मुकुल साव, आनंद पांडे, कुलदीप स्वर्णकार आदि मौजूद थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## राज्य को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर किसानो को रोजगार दे राज्य सरकार : पूनम यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

आरजेडी प्रदेश युवा महासचिव पूनम यादव ने सुखाड़ पर बात करते हुए कहा की इस बार जो बारिश होनी चाहिए थी नही हुई। जिसके कारण किसानों की खेती बाड़ी का कार्य पूर्ण रूप से बंद है।उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है की बरही विधानसभा सहित सम्पूर्ण राज्य को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर किसानो को रोजगार दे। साथ ही सरकार से मजदूर हित में रोजगार देने की मांग करते हुए



पूनम यादव

अविलंब रोजगार सृजन करने की मांग की है। उन्होंने कहा की अगर रोजगार सृजन नही कराया गया तो हाहाकार मच जाएगा। बारिश के आभाव में किसानों का बिचड़ा पूरी तरह से सूखकर नष्ट हो गया है। क्षेत्र में बारिश नही होने से किसान परेशान है उनके समक्ष विकट परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। सावन का महीना में नदी, नाला और चापाकल जवाब दे रहा है। साथ ही साथ उन्होंने जनमुद्दा को देखते हुए राज्य सरकार तत्काल समस्या का समाधान करे।

## लापता किशोर का शव पेड़ से झूलता मिला

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

बीते गुरुवार से लापता किशोर का शव जंगल के एक पेड़ से झूलता हुआ पाया गया। मामला विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुम्भा के भंडारपहरी जंगल का है। शव की पहचान नवादा निवासी आजाद अंसारी के 16 वर्षीय पुत्र अलताफ अंसारी के रूप में की गई। बताया जाता है कि किशोर बीते गुरुवार से लापता था। वह स्थानीय एक टेंट हाउस में काम करता था। परिजन उसकी खोजबीन में जुटे हुए



पेड़ से झूलता हुआ शव

थे। गुमशुदगी को लेकर थाना में सनहा भी दर्ज परिजनों ने शनिवार को कराया था। इसी बीच रविवार को कुसुम्भा की कुछ महिलाएं जंगल की ओर गई थी। जंगल में महिलाओं ने एक पेड़ से शव झूलता देखकर हो–हल्ला किया। मौके पर बड़ी संख्या में नवादा तथा कुसुंभा के लोग जुटे और शव की पहचान की। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। घटनास्थल से नशे में प्रयुक्त सामग्री भी बरामद की गई है। परिजनों ने इसे हत्या का मामला बताया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे अजय दुबे : ईशो सिंह

### पेंशनर कल्याण समाज ने अजय दुबे को दी श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड पेंशनर कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता अजय दूबे के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता व संचालन मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह ने किया। मौके पर मौजूद पेंशनर कल्याण समाज एवं बुद्धिजीवी मंच से जुड़े ला.
ेगों ने अजय दुबे के असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया । शोक सभा मे ईशो सिंह ने कहा कि अजय दूबे बहुत ही कम समय मे समाज मे खास पहचान बना चुके थे। बहुमुखी प्रतिभा की धनी होने के वजह से हर क्षेत्र में उनके चाहने वालों हैं। शोक सभा को शैलेंद्र




शोक सभा मे शामिल पेंशनर एवं बुद्धिजीवी मंच के लोग

सिन्हा, श्रीकांत पांडेय, मुखिया शमशेर आलम, छठु गोप, तोखन रविदास, रामनाथ प्रसाद, जग नारायण प्रसाद आरके गुप्ता ने संबोधित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में ईशो सिंह, जगनारायण प्रसाद, अनमोल राणा, नकुलदेव राणा, रामनाथ प्रसाद, कृष्णा गुप्ता, कृष्णा केशरी, छठु गोप, आरके गुप्ता, तोखन रविदास, कामता सिंह, जानकी ठाकुर, रविन्द्र गुप्ता,मनीष कुमार, कृष्णा मोहन दास, युगल किशोर राणा, रामेश्वर महतो, शम्भू नारायण साव, श्रीकांत पांडेय,सुजीत प्रधान, प्रमोद विश्वकर्मा, नईम अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

## एनएमओपीएस प्रतिनिधिमंडल ने जनप्रतिनिधियों को बुके देकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली हेतु आंदोलन झारखंड प्रदेश नेतृत्व के निर्देश के आलोक में गिरिडीह जिला इकाई एनएमओपीएस के जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में आज गिरिडीह में सत्ता पक्ष के सम्मानित विधायक और सं. बंधित दलों के जिलाध्यक्ष को झारखंड सरकार और सूबे के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी द्वारा गत कैबिनेट में पुरानी पेंशन बहाली हेतु स्वीकृति के उपरांत आज जनप्रतिनिधियों और जिला अध्यक्षों के निजी आवास पर जाकर एनएमओपीएस की टीम ने सरकार के मुखिया और सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू गांडेय के विधायक डॉक्टर सरफराज अहमद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेश कुमार वर्मा झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष गिरेंद यादव को उनके सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लिए जाने के प्रति आभार जताया मिठाई खिलाकर



माला पहनाकर और गुलदस्ता देकर इन जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए जिला की टीम संयोजक मुन्ना कुशवाहा ने आग्रह किया कि जिस प्रकार सरकार ने एनपीएस रूपी आर्थिक गुलामी से सरकारी कर्मचारियों को निजात दिलाने के अपने वायदे को पूरा किया है पुरानी पेंशन बहाली को कैबिनेट से स्वीकृति मिली है ,उसी प्रकार स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को पूरा देश स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहा होगा और एनपीएस रूपी आर्थिक गुलामी से आजादी देते हुए अपने इस घोषणा को सरकार अधिसूचना में तब्दील करें 15 अगस्त को माननीय मुख्यमंत्री पुरानी पेंशन बहाली की अधिसूचना जारी कर अपने वादे को पूरा करें और तमाम कर्मचारियों के बुढ़ापे के सहारा को सुरक्षित करें माननीय सदस्य श्री सोनू जी , सरफराज अहमद ने आश्वस्त किया और कहा मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर बहुत गंभीर हैं एस ओ पी का काम जारी है और स्वतंत्रता दिवस पर सरकार देगी यह पूरा यकीन है आज के इस कार्यक्रम में एनएमओपीएस के प्रांतीय महिला सचिव शमा परवीन प्रांतीय मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद जोनल संगठन सचिव इम्तियाज अहमद जिला संरक्षक घनश्याम गोस्वामी कोषाध्यक्ष रविकांत चौधरी लिपिक राज्य संयोजक विकास सिन्हा जिला मीडिया प्रभारी महेंद्र प्रसाद दांगी सोशल मीडिया प्रभारी मिथुन राज शिक्षक संघ के मोहम्मद अख्तर अंसारी विनोद प्रसाद यादव तबस्सुम जहां माला लता मुर्मू उमेश प्रसाद चौधरी केदार यादव विकास कुमार सुनील कुमार शंभू गुप्ता गजेंद्र प्रसाद सत्यनारायण प्रसाद नौशाद समा अवधेश कुमार ऋषि कांत सिन्हा सहित सभी विभागों के एनपीएस सैकड़ों की संख्या में जनप्रतिनिधियों का आभार जताया और आग्रह किया आगामी 15 अगस्त को एनपीएस से आजादी अधिसूचना जारी कर माननीय मुख्यमंत्री दिलाएं।

## रानीचुवा पंचायत में चलाया गया पैक्स सदस्यता वृद्धि अभियान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

रानीचुआं पंचायत भवन कार्यालय में रानीचुआ के नवनिर्वाचित मुखिया मुर्ती देवी की अध्यक्षता में पैक्स सदस्यता वृद्धि अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व बीसीओ संजय यादव ने किया। इस अभियान के तहत रानीचुआं पंचायत पैक्स के प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति सदस्यता वृद्धि अभियान में रानीचुआं, महुगढा , जीतपुर, नरसिघंवा एवं चलंगा के ग्रामीणों ने पैंक्स शिविर रानीचुआं पंचायत भवन कार्यालय



अभियान में मौजूद लोग

पहुंचकर पैंक्स की सदस्यता ग्रहण की।पैंक्स सदस्यता अभियान में प्रखंड सहकारिता पदाधिक.
ारी संजय यादव, बंटी जी, पैंक्स अध्यक्ष राजाराम बेसरा , सामाजिक कार्यकर्ता सह मुखिया प्रति. निधि रामचंद्र टुड्डू ग्रामीण महेश सोरेन, मनू तुरी , बैजनाथ तुरी, दशरथ करमाली, लखन यादव ,सिकेद्र हंसदा, मनोज मंडल, सदीक अंसारी, मुबारक अंसारी, सलीम खान,अजय यादव, बिरेंद्र यादव ,उदय करमाली सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## डोमचांच नवनिर्माण संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

## महेशपुर हॉल्ट का नाम महेशपुर स्टेशन करने की की गई मांग

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच नवनिर्माण संघर्ष समिति के तत्वाधान में नगर पंचायत डोमचांच के वार्ड नंबर -1 के कोठियाराबर स्थित तालाब छठ घाट पर रविवार को वार्ड नंबर- 1 के निवासियों की आम सभा की गई। सभा की अध्यक्षता समिति के संरक्षक सुखदेव प्रसाद सिंह तथा संचालन सचिव सह वार्ड प्रभारी सुनील कुमार सिन्हा ने किया। आम सभा में डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति के विभिन्न मांगो के तहत बेतहाशा होल्डिंग टैक्स वृद्धि को निरस्त करने, रोजगार के अवसर सृजित करने, डोमचांच नगर पंचायत को भंग कर पुनः ग्राम पंचायत को बहाल किया करने, ष्महेशपुर हाल्टष को ष्महेशपुर स्टेशनष में तब्दील करने तथा विशाल जलाशय का निर्माण कर पेयजल समस्या व सिंचाई समस्या के समाधान करने आदि पर समर्थन लिया गया। वक्ताओं ने बेतहाशा होलि. डंग टैक्स वृद्धि के प्रति भारी आक्रोश व्यक्त किया और सर्वसम्मति से बढ़े हुए होल्डिंग टैक्स वृद्धि के निरस्त नहीं होने तक होल्डिंग टैक्स नहीं चुकाने का संकल्प लिया तथा 15 अगस्त के बाद डोमचांच नगर पंचायत बंदी को अभूतपूर्व तरीके से सफल करने का संकल्प लिया। जिससे सरकार बढ़े हुए हो. ल्डिंग टैक्स को निरस्त करें अथवा नगर पंचायत को ही भंग कर पुनः ग्राम पंचायत को बहाल करें। आम सभा को समिति के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मेहता, उपाध्यक्ष मनोज कुमार रजक, उपाध्यक्ष बसंत कुमार मेहता, महासचिव शैलेंद्र कुमार सिंह, सचिव शिवकुमार मेहता, संरक्षक सलीम अंसारी, राजेंद्र साव, प्रवीण कुमार साव, बालेश्वर सिंह, श्याम सिंह राजपूत, प्रेमचंद साव, देव नारायण यादव, गीता देवी, शंकर पासवान, बसंत यादव, बलदेव सिंह आदि ने संबोधित किया। आम सभा में संजय कुमार राम, प्रकाश पासवान, उमेश राम, राजेश कुमार पासवान, प्रदीप कुमार पासवान, टुकलाल राम , रंजीत कुमार साव, सुदामा पासवान, शंकर पासवान, शिवम कुमार, सुरेश राम, संजय कुमार राम, विश्वंभर सिंह, विशेश्वर राम म, गोविंद राम, कुसुम देवी, कौशल्या देवी, जिरवा देवी, कलिया देवी, सीता देवी, सागर कुमार, डेगलाल सिंह, लक्ष्मण ठाकुर, निरंजन रजक ,नन्हकू पंडित, पवन कुमार सिंह, चंदन कुमार, गोपाल प्रसाद भारती, दिलीप साव, प्रिंस कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष संजय कुमार मेहता ने किया।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का बैठक संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



बिरनी प्रखंड विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का प्रखंड स्तरीय बैठक विहिप प्रखंड अध्यक्ष संतोष साव की अध्यक्षता में डबरसैनी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ जिसका संचालन संयोजक प्रेम तर्वे ने किया इस बैठक में विहिप जिला अध्यक्ष रामकिशोर शरण जी,हजारीबाग जिला धर्माचार्य सह मठ मंदिर प्रमुख कृष्णदेव पाण्डेय जी ,जिला संरक्षक प्रदीप भगत जी ,जिला मंत्री निरंजन जी ,जिला मिलन केंद्र प्रमुख ईश्वर जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला सह कार्यवाह वीर प्रताप जी, उपस्थित रहे उक्त बैठक में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के आगामी कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक चर्चा की गई जिसमें 11 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन मातृशक्ति एवं दूर्गावाहिनी की माताएं बहनें सफाई कर्मी , पुलिस ,सेना के लोगों को रक्षा सूत्र बांध कर बधाई देंगी तो वहीं 14 अगस्त को अखंड भारत दिवस पूरे प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग पंचायतों में मनाने का निर्णय लिया गया इसके साथ ही 18 अगस्त से 24 अगस्त तक विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस मनाया जाएगा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हजारीबाग विभाग धर्माचार्य कृष्णदेव पाण्डेय जी ने कहा जिस तरह से आज हमारे भारत में गौ तस्करी हो रही है उस पर पूर्ण पाबंदी लगनी चाहिए यदि ऐसा नहीं होता है तो विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे साथ ही उन्होंने सभी सनातन धर्म प्रेमियों से अपील किए की मंगलवार को एक निश्चित समय में मंदिर पहुंच कर आरती एवं सत्संग अवश्य करें आजकल के युवा जो नशा करने को आदि हो रहे हैं यदि मंदिर जाएंगे तो उनके अंदर संस्कार आएगा तो स्वतरू नशा करना छोड़ देंगे तभी हमारा समाज स्वस्थ एवं सशक्त समाज बनेगा जिला अध्यक्ष रामकिशोर शरण जी ने कहा आज पूरे भारत में लव जिहाद धर्मांतरण का खेल चल रहा है और हिंन्दु भाई बहन इस दलदल में फंस रहे हैं इसलिए विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहा है सनातन सभ्यता एवं संस्कृति बचाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है झारखंड में गौ तस्करों का मनोबल इतना बढ़ गया है की राजधानी में एक पुलिस अफसर को रौंद दिया है इस तरह के अनेक घटनाएं होती रहती है इसलिए जरूरत है लोगों को संगठित होने की इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे बजरंग दल मिलन केंद्र प्रमुख विशाल बजरंगी,सेवा प्रमुख दिवासकर राउत, गौरक्षा प्रमुख रोहित बजरंगी, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, बा. लोपासना प्रमुख मंगेतर राउत, संपर्क प्रमुख प्रवीण कुमार,सह संयोजक टे. कलाल वर्मा, संस्कार प्रमुख मनू कुमार, चंदन बजरंगी,भवानी प्रसाद, श्यामसुंदर मोदी,आकाश तर्वे,गोलू कुमार समेत काफी संख्या में विहिप बजरंगदल के कार्यकर्ता उपस्थित थे




## उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ कोडरमा की बैठक सम्पन्न

## जय नारायण सिंह बने पथलडीहा जोन के अध्यक्ष

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ कोडरमा के अंतर्गत पथलडीहा जोन की बैठक उत्क्रमित हाई स्कूल पथलडीहा में हुई। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ कोडरमा से पर्यवेक्षक के रूप में महेश प्रसाद सिंह उपस्थित हुए। पथलडीहा जोन की बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने समाज में केंद्रीय महासंघ के नियमानुसार काम करने में असमर्थता जाहिर की। जिस पर केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सिंह उर्फ भोला प्रसाद सिंह ने जय नारायण सिंह नाम का अध्यक्ष के रूप में प्रस्ताव रखा। जिसको सर्वसम्मति से उपस्थित सारे सदस्यों ने समर्थन किया। वहीं सचिव के रूप में राजेंद्र सिंह के नाम का प्रस्ताव केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य पवन कुमार सिंह ने दिया। जिसको उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। वहीं सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष के रूप में रामजन्म सिंह को चयनित किया गया। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, कपिल देव सिंह, केंद्रीय सचिव दिनेश कुमार सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सत्यनारायण सिंह, मिथिलेश सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, केंद्रीय पवन सिंह, सुनील सिंह, रवि सिंह, राजेश कुमार सिंह, रणवीर सिंह, दिलीप सिंह, अवधेश कुमार सिंह आदि क्षत्रिय बंधु उपस्थित थे।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के राजनीति विज्ञान विभाग में द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र छात्राओं को विदाई देने के लिये समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉरीता कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विभाग के पूर्व विभागाध्यक्षगण उप. स्थित थे। उक्त अवसर पर विभाग के प्राध्यापक, अध्येतागण, अन्य सहायक शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। मंच संचालन द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा प्रिया द्वारा किया गया। जबकि पिंटू द्वारा एम.ए के दो वर्षो का अनुभव साझा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जकिया तब्बसुम द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर की ओर से आभार व्यक्त किया गया। रवि भास्कर और ग्रुप के द्वारा शायरी गजल की प्रस्तुति की गई। कविता की प्रस्तुति कृति द्वारा किया गया। श्वेता द्वारा नृत्य एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इसके साथ ही मिस फेयरवेल की उपाधि खुशबू और कृति को दी गई। जबकि मिस्टर फेयरवेल विक्रांत बने। इसका निर्धारण गेम के विजेता के तौर पर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गुरुजनों द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य का कामना किया।

## आदिवासी बहुल बेरदोंगा पंचायत वासियों ने बिजली काटे जाने के खिलाफ किया आंदोलन का ऐलान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अंतर्गत सदर प्रखंड के आदिवासी बहुल बेरदोंगा पंचायत के सभी गांवों का बिजली का लाइन एक सप्ताह पूर्व काट दिए जाने से आक्रोशित लोगों ने आज भाकपा माले की अगुवाई में एक मीटिंग कर 24 घंटे के अंदर लाइन नहीं जोड़े जाने पर, 26 जुलाई को डांड़ीडीह स्थित विद्युत अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन का ऐलान किया है। मीटिंग की अगुवाई भाकपा माले के गिरिडीह ग्रामीण सचिव पप्पू खान, किसान महासभा के नेता संजय चौधरी, स्थानीय मुखिया अर्जुन मरांडी, घनश्याम दास, अशोक हांसदा, चांदोलाल टुडू, रमेश हेंब्रम, शंकर कोल आदि ने करते हुए कहा कि, 1 सप्ताह पूर्व ही समूचे बेरदोंगा पंचायत का लाइन बिजली विभाग के अधिकारियों ने काट दिया है और बार-बार आग्रह करने के बावजूद लाइन जोड़ा नहीं जा रहा है। कहा कि, बकाया बिजली बिल के नाम पर लाइन काटने की बात विभाग के पदाधिकारी कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि, बिजली का बिल कमोबेश समूचे ग्रामीण क्षेत्रों में है। ऐसे में सिर्फ बेरदोंगा पंचायत के साथ पक्षपात पूर्ण रवैया अख्तियार कर लाइन काट देना कहीं से भी उचित नहीं है। सबों ने एक स्वर में बेरदोंगा पंचायत की काटी गई लाइन तत्काल जोड़ने की मांग की। इधर बैठक में मौजूद माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, ग्रामीण उपभोक्ताओं के ऊपर बकाया बिजली बिल के लिए सीधे तौर पर पूर्ववर्ती सरकार जिम्मेदार है, जिनके शासन में बिजली विभाग के द्वारा ग्रामीणों को प्रति माह बिजली बिल उपलब्ध ही नहीं कराया गया। बाद में यही बिल धीरे-धीरे ब्याज सहित इतना बढ़ गया कि, अब उसे दे पाना गरीब उपभोक्ताओं के बूते से बाहर की बात हो गई है। उन्होंने कहा कि, विगत विधानसभा के चुनाव में बिजली बिल माफ करने का भी नारा जोर-शोर से गूंज रहा था। देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के कर्जे माफ होते हैं, उन्हें हर तरह की रियायतें दी जाती हैं, तो फिर चुनावी वादे के अनुसार गरीबों के बकाया बिजली बिल भी माफ होने चाहिए। माले नेता राजेश यादव ने बिजली विभाग के संबंधित क्षेत्र के अभियंता से बात कर इस समस्या से अवगत कराया और उनसे लाइन जोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि, ग्रामीण उपभोक्ता भी किश्तों में बकाया बिल जमा करना शुरू करेंगे। साथ ही अल्टीमेटम दिया कि, यदि 24 घंटे के अंदर पंचायत के काटी गई लाइन नहीं जोड़ी गई तो 26 तारीख को विद्युत अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। आदिवासी बहुल बेरदोंगा पंचायत के साथ पक्षपात नहीं चलेगा। आज की मीटिंग में अन्य लोगों के अलावा संतोष राय, शिबलाल मुर्मू, त्रिभुवन यादव, अशोक हांसदा, शैलेंद्र हंसदा, लीलावती देवी, रामचंद्र कोल, चंदन कोल, टिंकू पंडित, युगल गोप, पिंटू कोल, रामवृक्ष कोल, देव. ीलाल दास, मदन दास, किशोर दास, घनश्याम पंडित, अनिल पंडित, कृपा हंसदा, मेरुलाल हांसदा, ईश्वर दास, गणेश पंडित, शंकर दास, सुरेश दास, यदु बेसरा, मनोज दास सहित बड़ी तादाद में बेरदोंगा पंचायत के निवासी मौजूद थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खंडेलवाल को दी गई बधाई

### जिले के समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बहुत बहुत बधाईचंद्रप्रकाश जैन

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



हजारीबाग शहर के बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा सामाजिक कार्यों में अपनी पूरी गतिविधि रखती है। वहीं शहर में पिछले कई दिनों से प्रेस क्लब हजारीबाग के चुनाव को लेकर हर कोई उत्साह में नजर आ रहा था चाहे वह पत्रकार हो यह कोई सामाजिक संस्था के लोग, हर कोई निर्वाचित सदस्य को देखना चाहता था क्योंकि यह चुनाव पिछले कई वर्षों के बाद हो रहा था। शनिवार को चुनावी प्रतिक्रिया के समाप्ति के बाद सभी निर्वाचित लोगों की घोषणा कर दी गई। जिसके बाद सभी निर्वाचित लोगों को अपार बधाई शुभकामनाएं मिलने लगी। तो वही बड़ा बाजार यूथ विंग ने कार्यकारिणी सदस्य पर निर्वाचित हुए शहर के युवा पत्रकार प्रमोद खंडेलवाल को शनिवार की देर शाम यूथ विंग के महासचिव चंद्रप्रकाश जैन के आवास पर समस्त पदा. धिकारियों की उपस्थिति में बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के महासचिव चंद्रप्रकाश जैन ने प्रेस क्लब हजारीबाग के सभी नवनिर्वाचित पदाधिक. ारियों को बधाई एवं शुभक. ामनाएं दी। वहीं उन्होंने कार्यकारिणी सदस्य पर निर्वाचित हुए प्रमोद खंडेलवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रेस क्लब में युवाओं के आने से प्रेस क्लब हजारीबाग और भी मजबूत होगा और पत्रकारिता हित में कई कार्य होंगे। मौके पर अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने बताया कि प्रेस क्लब हजारीबाग के चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य पर निर्वाचित हुए युवा पत्रकार प्रमोद खंडेलवाल को हम सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा हम सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। साथ ही उन्होंने समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर चंद्र प्रकाश जैन,डॉ वेंकटेश, विशाल खण्डेलवाल,प्रणीत जैन, संजय डिश, विकास केशरी, अजय यादव,अजीत चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

## कोचिंग संचालक ने किया सम्मान समारोह आयोजित

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलगो पंचायत के खुरजिओ गाँव मे अवस्थित आदर्श कोचिंग सेंटर में रविवार को सेंटर संचालक ने सम्मान समारोह का आयोजन किया गया बता दे कि इस समारोह में उन बच्चों को सम्मानित किया गया। जिसमें जैक बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को समन्नित किया गया। जो कि सचिन कुमार, मनोहर कुमार वर्मा, निक्की कुमारी और अभिषेक रवानी को सम्मानित किया गया जिसमें इस समारोह में उपस्थित रहे बिरनी प्रखंड के उप प्रमुख शेखर सुमन, बलगो मुखिया प्रतिनिधि दीपक कुमार दास,जिप सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार वर्मा,सुनील वर्मा,सीआरपी कार्तिक कुमार कुशवाहा और कोचिंग संचालक संजय कुमार वर्मा मौजूद रहे।

## कांवरिया निःशुल्क सेवा समिति लगाया गया है

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत पडरमनिया पंचायत के चरघरा गांव में समस्त ग्राम वासियों और प्रदीप पांडे के सौजन्य से कांवरिया निशुल्क सेवा समिति लगाया गया है तमाम सरगरा वासियों के सहयोग से कांवरियों की सेवा दी जाती है इस जगह में गुमला रांची दुमका पलामू बंगाल अन्य राज्यों से भी लोग आकर यहां अपना आनंद लेकर भोजन खाना खा कर फिर बोल बम के लिए जाते हैं भगवान उनकी ऊर्जा को बरकरार रखें सभी समस्त वासियों को बहुत-बहुत धन्यवाद इसमें सहयोग करने वाले अशोक बरनवाल विनोद अग्रवाल निवास अरविंद यादव शंभू राय सनोज यादव संदीप यादव जी और तमाम लोगों के सहयोग से कांवरियों का सेवन किया जा रहा है आप भी आए और बोल बम कांवरिया को निशुल्क सेवा करें।

## अब बिरेखाप के बिरहोरों का बदलने लगा है दिनचर्या

### कान्हाचट्टी बी डी ओ का मेहनत बिरहोरों का बदल रहा जीने का तरीका

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



अक्सर लोग गंदगी देखकर भड़क जाते हैं या साफ सुथरा कपड़ा नहीं पहने के बाद एवं स्नान नहीं करने के बाद लोग वैसे लोगों से घृणा भी करने लगते हैं। लेकिन कान्हाचट्टी प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीरज पासवान ने रविवार को प्रखंड के बक्चुम्बा पंचायत के वीरेखाप गांव में निवास करने वाले आदिम जनजातियों में शुमार बिरहोरओ के आवास पहुंचे। बिरहोर आवास पहुं. चने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं उनकी टीम ने सबसे पहले बिरहोरों को स्नान करवाया एवं खुद साबुन लगाकर कई बच्चों को एवं बुजुर्गों को स्नान करवाया। जो सबसे ज्यादा गंदा भी थे उन्हें बगैर घृणा किए हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बीपीओ ने उन्हें अपने से साबुन लगाकर स्नान करावाया।एवं उनकी बाल हजामत बनवाया।बी डी ओ एवं उनकी टीम के इस पुनीत कार्य के लिए प्रखंड की जनता उनकी भूरी भूरी प्रशंसा भी कर रही है। स्नान करवाने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी की टीम ने उन्हें वस्त्र भी अपनी तरफ से देखकर उन्हें स्नान करने की तरीका एवं कपड़े पहनने की तरीका को समझाया। हालाकी प्रखंड विकास पदाधिकारी के इस पहल के बाद बिरहोर परिवार में साफ-सुथरा रहने की प्रवृत्ति प्रबल होने लगी है रविवार को स्नान के बाद उनकी स्वास्थ्य जांच भी की गई स्वास्थ्य जांच में उन्हें सर्दी खांसी एवं बुखार की दवा दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि बिरहोरों को मछरदानी भी दिया गया जिससे वह मलेरिया की चपेट में ना आएं।उन्होंने कहा कि बिरहोरों के लिए सरकार हर समय कटिबद्ध है उन्होंने कहा कि जल्द ही बिरहोरो के लिए आवास एवं उन्हें पढ़ने के लिए स्कूल या आंगनबाड़ी की भी व्यवस्था की जाएगी। जिसके लिए जिले के वरीय अधिकारियो को लिखा जाएगा ताकि बिरहोर बच्चे पढ़ लिख सकें।मैके पर मुखिया पति बद्री दाँगी,सद्दाम हुसैन,सत्येन्द्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा में दर्जनों लोग हुए शामिल

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड समिति बैठक झूठा आम के पास से।सम्पन्न हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी एवं संचालन प्रखंड सचिव कृष्ण मुरारी प्रसाद के द्वारा किया गया । बैठक में प्रखंड समिति का विस्तार किया गया। जिसमें प्रखंड उपाध्यक्ष कैलाश पांडेय सीताराम पासवान एवं सुरेश कुमार दास को प्रखंड समिति में शामिल किया गया । उपसचिव हाजी तैयब अली उप संगठन सचिव डॉक्टर इस्लाम अंसारी अमरूल अंसारी एवं मीडिया प्रभारी अकबर अंसारी को लिया गया। इस बैठक में अन्य पार्टी छोड़कर दर्जनों लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड युवा मोर्चा के जिला संगठन सचिव राजू अंसारी ,प्रखंड कोषाध्यक्ष रिजवी अंसारी ,मुमताज अंसारी ,फागू मांझी ,महबूब अंसारी, सदीक अंसारी, भोला प्रसाद वर्मा ,मुस्लिम अंसारी ,शमीम अंसारी, विजेंद्र पांडे ,मंजूर अंसारी ,बैजनाथ राम, मोहन पासवान ,मकसूद अंसारी, युगन मंडल ,रामसुंदर दास, इदरीस अंसारी ,नूर मोहम्मद ,अमित कुमार सिन्हा ,जाकिर अंसारी ,डॉक्टर मंजूर अंसारी ,डॉक्टर असगर अंसारी ललन कुमार सिंह, सुनील यादव, इकबाल अंसारी, अब्दुल अंसारी ,सिराज अंसारी, इत्यादि







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मुख्यालय में रहकर जन समस्या का समाधान करें अधिकारी व कर्मचारी – प्रमुख

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



प्रखण्ड प्रमुख पूर्णिमा देवी ने प्रखण्ड सह अंचल में कार्यरत प्रखण्ड व अंचल कर्मियो के कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि लगातार सूचना मिल रहा है कि अधिकारी व कर्मी समय पर कार्यालय नही पहुंचते है और फील्ड का बहाना बनाकर ज्यादातर कर्मी प्रखण्ड कार्यालय में उपस्थित भी नही हो रहा है। मामला संज्ञान में आया है। शुरुवाती दौर में हम सभी अधिकारियो व कर्मियों से आग्रह कर रहे है कि मुख्यालय में रहकर जन समस्या का समाधान करें। कहा मुख्यालय में नही रहने की सूचना मिलने पर मामले से उपायुक्त मैडम से शिकायत करूँगी। पंचायत समिति के बैठक कर संबद्ध में पूछे जाने पर प्रमुख पूर्णिमा देवी ने कहा कि चौपारण बीडीओ को बैठक कराने की बात कही है जल्द ही बैठक होगा फिर सारे विभागों का समीक्षा किया जाएगा। कहा प्रखण्ड को जनता को प्रखण्ड व अंचल से सबधित कार्य निष्पादन में कोई समस्या नही हो इसके लिए हम लगातार प्रयासरत है। प्रमुख ने सभी अधिकारियो व कर्मियो से कहा कि जनता के कार्यो को गंभीरता से लेते हुए उन्हें दौड़ाने का कार्य नही करे, सही परामर्श देकर जल्द से जल्द उनके कार्यो को निष्पादित करे। कहा आपको जो जिम्मेवारी मिला है उसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करें। प्रमुख ने कहा कि मैं नियमित अपने कार्यालय में उपस्थित रहती हूं, जनता आकर हमसे शिकायत कर सकती है।

## उपप्रमुख ने पीडीएस दुकान में सोना सोबरन धोती साड़ी का किया वितरण

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के चिरिदिरी पंचायत में झारखण्ड सरकार के सबसे कल्याणकारी योजना सोना सोबरन धोती साडी वितरण योजना के तहत रविवार को राशन कार्ड धारियो को साड़ी,धोती,लुंगी आदि का वितरण वितरण किया गया।वितरण में बतौर मुख्य अतिथि उपप्रमुख सुमन सिंह एवं मुखिया घनश्याम पांसी उपस्थित हुए।वितरण सन्तोष केशरी के पीडीएस दुकान में लाभुकों को दस दस रूपया में धोती साडी और लुंगी दिए गये। उपप्रमुख सुमन सिंह, मुखिया घनु पासी ने लाभुकों के बीच धोती साडी का वितरण किया। इस मौके पर उपप्रमुख ने कहा सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है। इन योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को उठाना चाहिए।

## स्त्री सेवा निधि लिमिटेड की ओर से महिलाओं व युवतियों को 3 माह का निशुल्क ब्यूटीशियन एवं सिलाई प्रशिक्षण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव स्त्री सेवा निधि लिमिटेड की ओर से महिलाओं व युवतियों को तीन माह का निशुल्क ब्यूटीशियन एवं सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसका फ०र्म 25 जुलाई 2022 से टंडवा रोड स्थित स्त्री सेवा निधि लिमिटेड के ऑफिस में उपलब्ध है। संस्था के अध्यक्षा ममता देवी ने बताई कि कोरोना महामारी ने गरीब परिवार की कमर तोड़ दी, जिसका असर रोज कमाने खाने वाले परिवारों पर पड़ा रहा है। इसलिए हमारी संस्था महिलाओं व युवतियों को स्वंय सहायता समूह बना कर उन्हे रोजगार से जोड़ने की कार्य कर रही हैं, अगर महिला स्वावलंबी बनी तो वो अपने परिवार की आर्थिक उन्नति का आधार बनेगी। साथ ही साथ अपने हुनरो से स्वाभिमानी बनेगी।

## सीबीएसई मैट्रिक में इंद्रजीत ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्तकर की सफलता

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव पत्रकार सह प्रखंड के महुगाईकला निवासी नरेश कुमार का द्वितीय पुत्र इंद्रजीत ने सीबीएसई मैट्रिक परीक्षा में 84 प्रतिशत अंक लाकर सफलता हासिल की है। इंद्रजीत को सबसे अधिक हिंदी में 92, सामाजिक विज्ञान में 90, गणित में 83, विज्ञान में 80, अंग्रेजी में 75 अंक प्राप्त हुआ। हजारीबाग स्थित गुलमोहर पब्लिक स्कूल में पढ़ाई करते हुए परीक्षा लिखा था। इस विद्यालय से अंशुमन शेखर 93.6 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर रहा।

APEM
LIVE




## 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस मनाने का बैठकवमे लिया गया निर्णय

### देश के प्रथम आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने पर आदिवासी समाज नें मिठाई बाटकर मनाया खुशियाँ




**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखंड के शायल बगीचा में रविवार को केंद्रीय सरना समिति के एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सिकेंद्र खरवार नें किया, जबकि संचालन प्रखंड सचिव दिलीप उरांव नें किया। बैठक में प्रखंड के बिभिन्न पंचायत जैसे, मदगडा, तुलबुल, बेंगोकला, कोल्हेया पंचायत के विभिन्न गाँव में निवास करने वाले आदिवासी जनजाति समाज के महिला पुरुष शामिल हुए। बैठक में आगामी 9 अगस्त 2022 को विश्व आदिवासी दिवस प्रखंड स्तर पर भब्य तरीके से मनाने पर विशेष चर्चा किया गया। अध्यक्ष सिकेंद्र खरवार नें बैठक में चर्चा करते हुए आदिवासी समाज के सामाजिक, संस्कृतिक,के तहत प्रखंड में एकजुटता,का परिचय देते हुए एक विशाल कार्यक्रम पेश करने हैं इसलिए, कार्यक्रम की तैयारियां पुरे प्रखंड भर में जोरों से चल रही हैं,कार्यक्रम को लेकर आदिवासी के हरेक गाँव वं पंचायत में सहयोग राशि जमा करने को लेकर कमिटी का गठन किया गया है।
बैठक के दौरान केंद्रीय सरना समिति कान्हाचट्टी के आदिवासियों द्वारा भारत देश के 15वे और प्रथम आदिवासी महिला श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाये जाने पर समाज के सभी महिला पुरुषो नें मिठाइयाँ बाटकर एवं खा कर खुशियाँ मनाया।वही भारत के प्रधानमंत्री को भी बधाई दिया है।
बैठक में कई जनजातिय समुदाय जैसे, मुण्डा, उरांव, खरवार, भोगता, गंझू,समाज के लोंग शामिल थे
बैठक में, मुख्य रूप से अध्यक्ष सिकेंद्र खरवार, सचिव, दिलीप उरांव, कोषाध्यक्ष, संदीप उरांव, आदिवासी महिला मोर्चा अध्यक्ष, सरिता देवी, सचिव, संगीता नाग, उपाध्यक्ष, बबिता देवी खरवार, उप सचिव,वीरता देवी, बिनोद सिंह भोगता, उमेश खरवार, विजय उरांव, मनीष उरांव, अनिल भोगता, पारस उरांव के अलावे समाज के कई लोंग शामिल थे

## अभाविप ने किया नगर इकाई का गठन

### नगर अध्यक्ष प्रो देवेंद्र कुमार और नगर मंत्री बने प्रभात कुमार




**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**

आज दिनांक 24-7-2022 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग जिला इकाई के द्वारा छात्र सम्मेलन नीलाम्बर-पीताम्बर स्थित होटल स्नो वैली में कार्यक्रम किया गया, कार्यक्रम में सबसे पहले परिषद गीत से शुरुआत की गई इसके बाद मंच पर उपस्थित अभाविप के क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, जिला प्रमुख डा.मनोज कुमार, प्रो.जीके झा, प्रो. राज कुमार चौबे, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय मेहता, प्रदेश सह मंत्री नवलेश सिंह, निजी विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख अमित चौबे, जिला संयोजक सोनू राय, जिला सह संयोजक मनदीप यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रितेश यादव सभी ने स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती जी के तस्वीर के पास दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया , मंच पर उपस्थित झारखंड बिहार के क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा की विद्यार्थी परिषद सालों भर छात्र हित एवं समाज हित का कार्य करती है, अभाविप महिला सुरक्षा की बात हुई है देश की रक्षा की बात हो इन सभी क्षेत्रों में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अग्रणी से भूमिका निभाते हैं,मंच संचालन विश्वविद्यालय सह संयोजक दीपक मेहता ने किया, इसके बाद कार्यक्रम में अभाविप हजारीबाग महानगर के इकाई का पुनर्गठन किया, जिला प्रमुख प्रो मनोज कुमार के द्वारा किया गया ,जो इस प्रकार है नगर अध्यक्ष प्रोफेसर देवेंद्र कुमार, नगर उपाध्यक्ष रंजन कुमार ,प्रो पंकज कुमार, नगर मंत्री प्रभात कुमार ,नगर सह मंत्री अभिमन्यु भगत, ऋषभ यादव ,यशवंत कुमार, अभिषेक कुमार, अंकुश कसेरा, अंजली यादव, जिला एस एफ डी प्रमुख हिमांशु सिंह, सह प्रमुख संतोष यादव, जिला थिंकिंडिया प्रमुख निशांत अग्रवाल,सह प्रमुख अनमोल सिंह, जिला S-f-S- प्रमुख साहिल कुमार, सह प्रमुख अंजन राज, जिला खेलकूद प्रमुख साकेत सिंह ,निरंजन यादव, सह प्रमुख लालजीत यादव, जिला सोशल मीडिया प्रमुख अमित अरुण, सह प्रमुख ऋतिक पांडेय, करण मेहता, जिला मीडिया एवं प्रेस प्रमुख प्रमोद मेहता, सह प्रमुख रौशन कुमार, जिला एनसीसी एनएसएस कार्य प्रमुख पवन कुमार ,सह प्रमुख नीतीश कुमार, जिला कला एवं संस्कृति कार्य प्रमुख शशिकांत कुमार, जिला छात्रावास कार्य प्रमुख राहुल दास, ऋषभ कुमार, जिला छात्रा प्रमुख आकृति राज, नगर कि विनोद कुमार सह प्रमुख अमन कुमार, नगर थिंक इंडिया प्रमुख दिलकश हुसैन,नगर ी प्रमुख विपुल मेहता, नगर खेलकूद प्रमुख राजदीप यादव, सह प्रमुख प्रेम कुमार, नगर सोशल मीडिया प्रमुख विनोद कुमार साव, नगर मीडिया प्रभारी आशीष सिंह, सह प्रभारी राहुल आर्या, नगर एनसीसी एवं एनएसएस कार्य प्रमुख शत्रुंजय पाठक, नगर कार्यसमिति सदस्य आशीष यादव ,मृणाल कुमार विश्वकर्मा ,सुधांशु गुप्ता, बलराम मेहता, सोनू कुमार, लकी उपाध्याय, विनय शील, ऋषभ राज ,अकाश कुमार ,राहुल पाठक ,सनी कुमार अमित कुमार वर्मा, विशेष आमंत्रित सदस्य रोहित कुमार, प्रवीन पांडे ,प्रो विनोद रंजन ,शुभम तिवारी, घोषणा की गई, अंत में जिला संयोजक सोनू राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया, मौके पर दीपक देवराज, मिलन मुंडा , सुधांशु रंजन, राहुल साहू, राज प्रिंस गुप्ता, अनीश सिंह, बाबूलाल मेहता,सुमित लहरी,शेखर शर्मा,रौशन कुमार, मुस्कान कुमारी, आशीष सिंह, अभाविप के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रतिभा-सह- शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न





**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

सहयोग डिग्री महाविधालय बिरनी गिरिडीह के द्वारा रविवा ार को प्रतिभा-सह-शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन विक्रम विकास अतिथि भवन राजधनवार में की गई इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा लोकसभा के पूर्व सांसद एवं वर्तमान में हुडको के निर्देशक डo. रविन्द्र कुमार राय उपस्थित हुए इस कार्यक्रम को सहयोग डिग्री महाविधालय के द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें इस पुरे राजधनवार अनुमंडल के वैसे छात्र-छात्रा को सम्मान हेतु बुलाया गया था जिन्होंने वर्ष 2022 की वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंकों से पास कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन करने का काम किया । इस कार्यक्रम में सहयोग डिग्री महाविधालय के सभी प्रबंधन कमिटी के सदस्यों के द्वारा 240 बच्चे तथा बच्चियों को प्रसस्ति पत्र तथा मैडल देकर समा. नित किया गया साथ ही साथ इस पुरे क्षेत्र के वैसे शिक्षक जिन होने अपनी प्रतिभा के बल पर बहुत सारे बच्चों को अछे मुकाम तक पहुँचाने का किया वैसे 45 मेघावी तथा उर्जावान शिक्षकों को भी महाविधालय परिवार की ओर से कृपाचार्य पुरस्कार से समानित किया गया । इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रविन्द्र राय पुरे महा. विधालय परिवार को धन्यवाद देते हुए बताया की इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने से इस क्षेत्र के सभी छात्रों और शिक्षकों का मनोबल बढेगा और भविष्य में और बेहतर करने का प्रयास करेंगे महाविधालय के अध्यक्ष मो. इरशाद एवं सचिव पंकज कुमार मिस्त्री ने अपने संबोधन में कहा की शिक्षा का स्तर को बढाने तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता फ़ैलाने हेतु इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किये जायेंगे ताकि क्षेत्र में बेहतर शिक्षा का विकास हो । इस कार्यक्रम में महाविधालय प्रबन्धन समिति लव कुमार राय , अनवर अंसारी , बसंत कुमार विश्वकर्मा हुए । साथ ही साथ पुरे क्षेत्र शिक्षकों रामावतार कुमार, उपेन्द्र विश्वकर्मा, खुर्शीद अंसारी,सुमित कुमार, महेश कुमार, तथा अन्य सभी शिक्षक शामिल हुए।

## झारखंड राज्य आजीविका कैडर संघ की बैठक में कई बिंदुओं पर किया गया चर्चा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह- झारखंड राज्य आजीविका कैडर संघ गिरिडीह शाखा की बैठक रविवार को झंडा मैदान में हुई । बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रकाश कुमार दास ने की । बैठक में मुख्य रूप से राज्य सचिव मुस्तकीम रजा उपस्थित थे । इस बावत राज्य सचिव मुस्तकीम रजा ने कहा कि गिरिडीह विधायक सुदीप कुमार सोनू को दस सूत्री मांग को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा गया । इस दौरान विधायक ने आजीविका कैडर संघ के लोगों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उनके मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा । दिए गए ज्ञापन के माध्यम से संघ के लोगों ने 2013 से आरपीएफ का पॉलिसी में बदलाव करने एवं मानदेय वृद्धि करने , पालिसी में बदलाव करने एवं प्रति वर्ष 10/: वृद्धि करने तथा इसके साथ मांग पत्र में वर्तमान समय तक दैनिक वेतन भोगी के रूप में मासिक मानदेय का प्रावधान करने समेत 10 मांगे शामिल है । जिलाध्यक्ष प्रकाश कुमार दास ने कहा कि आश्वासन के अनुसार यदि हम लोगों की मांगे पूरी नहीं की जाती है तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे । बबीता देवी ने कहा कि हम लोगों का इंश्योरेंस बीमा था वह भी खत्म कर दिया गया है जो सरकार के द्वारा अनुचित कदम है । बैठक में मुस्तकीम रजा , रंजीत कुमार ,बासुदेव प्रसाद वर्मा ,कैलाश कुमार ,गफूर अंसारी, बबीता देवी ,हीना खातून अंजलि सिन्हा समेत कई लोग मौजूद थे ।

## हरसिंगरायडीह में ग्रामीणों की जमीन जबरन कब्जा कर रहे हैं भूमाफिया, माले ने लिया संज्ञान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अंतर्गत सदर प्रखंड स्थित हरसिंगरायडीह में कुछ दबंगों ने एक जाति विशेष के पूरे जमीन को हड़पने की कोशिश की है। इसके पूर्व कुछ भूमाफियाओं ने तालाब का जमीन घेरा है। जबकि अंचल के रिपोर्ट भी तालाब का पक्ष में जमीन दर्शाया है। भूमाफियाओं द्वारा ग्रामीणो को आने जानें के लिए रास्ता भी कुछ दिन पहले नहीं दिया जा रहा था। इन सभी मामलों मे माले ने पहल की थी,सफलता हासिल भी हुई।, अब नए मामला दबंगो ने एक जाति विशेष के व्यक्ति को कमजोर समझकर महिलाओ, बुजुर्ग,जवानो को टारगेट कर कर के फर्जी केश में फसा रहे है। ज्ञात हो कि विवाद बढ़ते देख लोकल प्रतिनिधि की पहल पर गिरिडीह सीओ आदि ने भी स्थल पर जा कर जांच की उसके बाद ग्रामीणों की बात सहीं पाई गई। उसी जमीन पर आवास भी फाईनल हुआ एक किस्त भी आवास का आया किन्तु,अब दबंग लोग काम नहीं करने दे रहे है।,हरसिंगरायडीह के दबे कुचले विशेष जाती के लोग के पास आवास नहीं होने के कारण ग्रामीण परेशान है,वर्षा में पानी टपकता है कच्चे घरों में। जब दबंग लोग,प्रतिनिधि की पहल को नहीं माने,प्रशासन की बात को भी अनदेखी कर दी तो,माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी कॉमरेड राजेश सिन्हा ने कहा कि सभी लोग को जल्द जमीन पर ही चलना होगा वहीं टेंट गाड़ के वहीं घर बनाना होगा,माले भी आपके साथ होगा आपको बेघर नहीं होने देगा माले।

भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह सीओ ने ग्रामीण के पक्ष में लिखिति कागजात भी दिया है,ग्रामीणों ने कहा कि खाता 43 का प्लाट नंबर 959 और 961,खाता 26 का प्लoट नंबर 955,958,998, खाता 25 का प्लाट नंबर 960,968,997, खाता 112 का प्लाट नंबर 1016,17 और 18, खाता 37 का प्लाट नंबर 981,992,993 आदि को ही कब्जा के ख्याल से ग्रामीण को डरा रहा है,जबकि जिनका जमीन है वह भूमाफियाओं के कहर से ग्रामीण डरे सहमे है। माले ने गिरिडीह प्रशासन से अपील की है कि ग्रामीण को जल्द न्याय मिले और दबंगो को सच बोलने के लिए मजबूर करें, जनप्रतिनिधि के आवास के आस पास का मामला है,आशा है जल्द कुछ खास होगा गरीबो के लिए। बैठक में चुरामन तुरी,नक्लेश तुरी,विनोद तुरी,दीपक तुरी,मोहन तुरी,सोहन तुरी,तूफानी तुरी,राजू तुरी,देवनंदन तुरी,राजन तुरी,मंटू तुरी,लक्ष्मण तुरी,प्रेम तुरी,इंद्र राय, सुभाष तुरी,इंद्र राय,गीता देवी,पनवा देवी,परवा देवी,रेखा देवी,शिला देवी,सख्वा देवी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षा बिना जीवन अंधकारमय है : बीडीओ गावां

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा, गिरीडीह : बाल दुर्व्यापार, बाल श्रम पर रोक लगाने तथा सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराने हेतु जन जागरूकता के उद्देश्य से शजिला प्रशासन, आरपीएफ एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फoउंडेशन के संयुक्त अभियान के तहत रविवार को प्रखंड मुख्यालय के परिसर में बाल चौपाल आयोजित की गई। चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी महेन्द्र दास शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी महेन्द्र दास ने कहा कि बाल दुर्व्यापार व बाल श्रम विरोधी जनजागरुकता यात्रा एक संवेदनशील और महत्वपूर्ण पहल है, इस तरह के आयोजन आगे भी जारी रखने की जरूरत है। बाल श्रम, बाल दुर्व्यापार जैसी सामाजिक बुराईयो से बच्चों की सुरक्षा एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए प्रशासन की तरफ़ से सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील किया कि बच्चो को शिक्षित बनाए, साथ ही सभी से एक दूसरे से समन्वय बनाकर चलने की बात कही। गांवा थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यथा संभव हमलोग संस्था के साथ है।

बच्चे पढ़ेंगे तभी तो इतिहास गढ़ेंगे - अजय सिंह कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए 20 सूत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि बच्चों को शिक्षा जरूरी है। अगर बच्चे पढ़ेंगे तभी तो अधिकारी डीसी एसपी बनकर इतिहास रचेंगे। साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से भी अपने अपने बच्चों को शिक्षित बनाने का अपील किया।


बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हम लोग हैं हमेशा तत्पर- अखिलेश यादव यूवा नेता सह सांख पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अकलेश यादव ने कहा कि ष्बाल शोषण को समाप्त करने की पहल में हम सभी अपना भरपूर योगदान देंगे।ष शिक्षा के क्षेत्र में हमलोग भी भरपूर कार्य कर रहे हैं। कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के कार्यकर्ता का बच्चो को विधालय से जोड़ने में अहम भूमिका रही है और हमलोग हमेसा इनके साथ है कैलाश सत्यार्थी फा. उंडेशन ने समाज को दी एक अलग पहचान - सागर चौधरी यूवा नेता सागर चौधरी ने कहा कि तिसरी और गांवा जो की अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, जहां कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन द्वारा 284 गांव में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। आज का यह प्रयास सराहनीय है और हमें मिलकर सहयोग प्रदान करने की जरूरत है। आज इनके प्रयास से ही बदलाव की बयार बही है उसे नि. रंतरता देनी है। मौके पर सत्यार्थी फाउंडेशन के कार्यकर्ता आरिफ अंसारी, संदीप नयन, छोटे लाल पांडे, अमित कुमार, सुरेंद्र पंडित, सेविका गुलशन आरा, संजू देवी, सुनीता देवी आदि कई लोग उपस्थित थे।

## मनरेगा कर्मचारी संघ की बैठक में आंदोलन का निर्णय

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला मनरेगा कर्मचारी संघ की एक बैठक रविवार को स्थानीय झंडा मैदान में समपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ने करते हुए बताया कि झारखंड सरकार में अनु. बंधकर्मियों के साथ छलावा हो रहा है और जिस घोषणा पत्र पर हेमंत सरकार ने सत्ता हासिल की है आज उसी से मुकर रही है। इस वादाखिलाफी के खिलाफ सभी विधायकों को मांगपत्र सौपा जायेगा । बैठक में 1अगस्त को प्रदेश के सभी मनरेगा कर्मी रांची पहुंच कर विधानसभा का घेराव करेंगे । इसके साथ ही और दिनांक 8 अगस्त को ग्रामीण विकास मंत्री के आवास का घेराव कर अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करेंगे। बैठक को जिला मंत्री टहल रविदास ,जिला संरक्षक अविनाश केशरी के अलावा एकलाल रविदास, हसरत अली,सौरभ कुमार, सुधीर रंजन शास्त्री, भुनेश्वर रजक,मो0 तबारक हुसैन,शंकर प्रसाद, रजनीश कुमार, विवेक विकास, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, मनोज कुमार, वैद्यनाथ यादव, मो0ईकवाल ,मो0 ग्यासुद्दीन ,विनय कुमार, उमेश विश्वकर्मा, दामोदर राय,राकेश कुमार,दीपक दास,हेमलाल दास सहित जिले के सभी प्रखंडों के मनरेगाकर्मी मौजूद थे ।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉo अनिल कुमार